प्रसिद्ध न्यायविद, समर्पित कर्मयोगी

श्री हेमन्त कुमार-II

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश

को सादर समर्पित

अभिनन्दन-पत्र

गर्वित हैं हम :-

आपके मध्य अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए हम हर्षित एवं गर्वित हैं, यह हमारा सौभाग्य है कि आपके साथ कार्य करने का अवसर मिला। आपके साथ बिताया प्रत्येक क्षण हमारे लिए गौरवमयी [illegible] है। इस क्षण को प्राप्त करने के लिए हम भविष्य में भी मंगलकामना करतें रहेगें।

भाव विभोर है हम :-

आपके साथ मात्र अल्प समय ही कार्य करने का हमें ईश्वर ने सौभाग्य दिया, इसीलिए हम भाव वि[illegible] है। ईश्वर से हमारी कामना है कि आपके साथ हमें भविष्य में जल्द-से-जल्द कार्य करने का अवसर [illegible] हो, ताकि हम पुनः आपके साथ कार्य करने के लिए गौरवान्वित हो सकें एवं आपके अनुभव का हम पुन[illegible] प्राप्त कर सकें।

कर्मयोगिन :-

कर्म के प्रति अचल, निष्ठा आपकी शान है। आप उच्च प्रतिष्ठित परिवार से है। न्यायिक कार्य करते हुए एंव न्यायिक सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए आप सदैव ही न्याय करने के लिए तत्पर रहे है, जिसके कारण जनपद बुलन्दशहर के वादकारी एवं अधिवक्तागण आपको हमेशा सराहेंगे।

मनीषी :-

चिन्तन मनन की प्रवृत्ति और बृद्धि प्राखर्य के कारण आपमें विद्वता, पंडित्य और मौलिक वैचारिक क्षमता विद्धमान है, जिसके कारण आपका व्यक्तित्व और अधिक महान बन पड़ा है।

संस्कृतनिष्ठ :-

भारतीय संस्कृति एवं भारत भूमि के प्रति भक्ति और अनुराग आपके ध्वनियों में प्रवाहित है। आपके व्यवहार में भारतीय संस्कारों और जीवन मूल्यों का पूर्ण समावेश है, जो आपके व्यवहार में प्रतिफल झलकता रहता है। आपका संस्कृतनिष्ठ व्यवहार हमारे लिए एवं जनपद के अधिवक्तागणों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

प्रसिद्ध न्यायविद :-

न्याय के क्षेत्र में आपकी लोकप्रिय छवि किसी से छुपी नहीं है। न्याय के क्षेत्र में निष्पक्ष न्यायविद के रूप में आपने विशेष ख्याति अर्जित की है। न्याय करते समय आपने कई मिशालें कायम की है, जो हमारे लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी। आपके साथ चूंकि हमनें भी अपने कर्त्तव्यों का पालन किया है, इसलिए इसका प्रतिफल हमें भी मिलेगा जिसके लिए हम सदैव आपके आभारी रहेगें।

सेवा सदन :-

अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए न्यायिक कार्यों के दौरान न्याय के प्रति समर्पित रहना आपके स्वभाव के दो चमकते रत्न है।

कामना है हमारी :- आप स्वस्थ रहते हुए आनन्द पूर्वक 100 बसन्तों का सुख भोगते हुए अपने अनुभव एवं स्नेह से हमें प्रेरित करते रहेंगे।

शुभाकांक्षी

हरित कुमार शर्मा
एडवोकेट
(बुलन्दशहर)

दिनांक : 15.04.2024

नवनीत कुमार शर्मा
एडवोकेट
(बुलन्दशहर)